प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 05.12.2024

- **अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कानपुर देहात पुलिस को मिली एक और सफलता।**
- **थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा 25,000 रुपये के इनामिया/शातिर लुटेरे को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से लूट के 6250 रुपये तथा 01 पासबुक (बैंक ऑफ बड़ौदा) व 01 आधार कार्ड किया गया बरामद।**
- **थाना भोगनीपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 278/2024 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस में वांछित था अभियुक्त।**
- **शातिर अभियुक्त पर जनपद कानपुर देहात, कानपुर नगर व जनपद फतेहपुर में भी पंजीकृत हैं अभियोग।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, वादी श्री जान हैदर पुत्र श्री मो0 इदरीश निवासी हैदरपुर थाना बरौर जनपद कानपुर देहात ने दिनांक 24.09.2024 को थाना भोगनीपुर पर तहरीर दी कि दिनांक 23.09.2024 को थाना भोगनीपुर क्षेत्रान्तर्गत रामस्वरूप ग्रामोद्योग डिग्री कॉलेज व बिदुर कुटी के मध्य पल्सर बाइक सवार दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी के पिता श्री मो0 इदरीश से 1.5 लाख रुपये छीन कर भाग गये हैं, जिसके सम्बन्ध में थाना भोगनीपुर पर मु0अ0सं0 278/2024 धारा 309(4) बीएनएस बनाम 02 नफर नाम पता अज्ञात पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त की विवेचना के क्रम में प्राप्त साक्ष्यों/तथ्यों के आधार पर प्रकाश में आये 01 नफर शातिर लुटेरे/अभियुक्त मुस्तफा कुरैशी पुत्र मजहर कुरैशी उम्र 24 वर्ष निवासी जवाहर नगर तकिया पश्चिमी कस्बा घाटमपुर थाना घाटमपुर जनपद कानपुर नगर को मुखबिर की सूचना पर दिनांक 04.12.2024 को मु0अ0सं0 278/2024 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस से संबन्धित लूट के 6250/- रुपये व 01 आधार कार्ड व 01 बैंक आफ बड़ौदा की बचत खाता पासबुक के साथ न्यू ग्रीन सोसाइटी के प्लाटों के बीच बनी रोड पिलखनी रोड के पास थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया। शातिर अभियुक्त मुस्तफा उपरोक्त पर 25,000 रुपये का ईनाम भी घोषित था तथा अभियुक्त पर जनपद कानपुर देहात, कानपुर नगर व फतेहपुर में संगीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्त मुस्तफा की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

पूछताछ- अभियुक्त ने पूछताछ में बताया गया कि साहब मैंने, सन्तराम उर्फ मंगल के साथ पल्सर मोटरसाईकिल से भोगनीपुर में 23 सितम्बर 2024 को बैग छीना था जिसमें 150000/- रुपये थे। जिनमें से 50000/- रुपये संतराम उर्फ मंगल ने लिये थे तथा 1,00,000/- रुपये मुझे दिये थे और कहा था कि तुम्हारे पिता की तबियत खराब है तो 01 लाख रुपये तुम रख लो । जिसमें से काफी रुपये मेरे पिता के इलाज में खर्च हो गये तथा 6250/- रुपये ये वही हैं, जो घटना में लूटे गये थे तथा उसी व्यक्ति का आधार कार्ड व बैंक आफ बड़ौदा की बचत खाता पासबुक है जो उसी दिन घटना में छीनी गयी थी। उस दिन की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के विषय में बताया कि साहब घटना में पल्सर मोटरसाइकिल का प्रयोग किया था जिसे हम दोनों ने कानपुर नगर से उक्त घटना के कुछ दिन पहले ही चोरी की थी तथा भोगनीपुर की घटना के दो दिन बाद पनकी क्षेत्र में छोडकर चले आये थे। साहब जो बात सही थी मैंने आपको बता दिया।

उक्त लूट की घटना में शामिल शेष अभियुक्त सन्तराम उर्फ मंगल की गिरफ्तारी हेतु तलाश की जा रही है। शीघ्र ही अभियुक्त की गिरफ्तारी कर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–

1. मुस्तफा कुरैशी पुत्र मजहर कुरैशी उम्र 24 वर्ष निवासी जवाहर नगर तकिया पश्चिमी कस्बा घाटमपुर थाना घाटमपुर जनपद कानपुर नगर

अभियुक्त मुस्तफा कुरैशी पुत्र मजहर कुरैशी उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 278/2024 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।
2. मु0अ0सं0 66/2024 धारा 392/411/414 आईपीसी थाना बकेवर जनपद फतेहपुर।
3. मु0अ0सं0 90/2024 धारा 392/411 आईपीसी थाना रेऊना जनपद कानपुर नगर।
4. मु0अ0सं0 273/2024 धारा 392/411/414 आईपीसी थाना घाटमपुर जनपद कानपुर नगर।
5. मु0अ0सं0 274/2024 धारा 399/402 आईपीसी व 3/25 आयुध अधिनियम थाना घाटमपुर जनपद कानपुर नगर

बरामदगी -

1. मु0अ0सं0 278/2024 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात से संबन्धित लूट के 6250/- रुपये।
2. 01 आधार कार्ड व 01 बैंक आफ बड़ौदा की बचत खाता पासबुक ।

गिरफ्तार करने वाली थाना भोगनीपुर पुलिस टीम-

1. निरीक्षक श्री अमरेन्द्र बहादुर सिंह
2. उ0नि0 श्री उमेश शर्मा चौकी प्रभारी पुखरायाँ
3. कां0 1076 भानु प्रताप सिंह
4. कां0 470 भीमसेन
5. चालक आरक्षी लालेन्द्र